तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 22 अप्रैल 2025

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

4 ककककटघोरा बस स्टैंड में पानी की किल्लत, यात्री हलाकान



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

## खबर संक्षेप

### नेता प्रतिपक्ष ने स्ट्रीट लाइट खरीदने आयुक्त को लिखा पत्र

**कोरबा।** नगर पालिक निगम के नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू ने निगम आयुक्त को पत्र लिखकर निवेदन किया है कि निगम क्षेत्रो के सभी वार्डो में अधीक्तम स्ट्रीट लाईट बंद है, जिसके कारण आमजनों को काफी परेशानीयों का सामना करना पड रहा है तथा पूर्व में स्ट्रीट लाईट सुधार करने हेतु निकाला गया है जो आज दिनांक तक नहीं लगाया गया है। आने वाले समय में बरसात को देखते हुए जल्द से जल्द 5 हजार नग स्ट्रीट लाईट खरीदी कर निजात दिलाने का आग्रह किया है।

### विधिक जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**कोरबा।** स्वयं सेवी संस्था यूनिसेफ तथा महिला एवं बाल विकास विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के संयुक्त तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के बैनर तले एडीआर भवन जिला न्यायालय परिसर कोरबा में उमंग पोषण देख-रेख की स्टेट फोस्टर केयर आफिसर तथा बिलासपुर संभाग के प्रोग्राम आफिसर की उपस्थिति में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में उमंग योजनांतर्गत पोषण देख-रेख क्या है?, पोषण देख-रेख की जरूरत, पोषक परिवार बनने हेतु योग्याताएं, बच्चों को पोषण देख-रेख में लेने की आयु सीमा, पोषण देख-रेख और दत्तक ग्रहण में अंतर, पोषण देख-रेख में बच्चों के लिए पुनर्वास, पोषक परिवार के अंतर्गत बच्चों के प्रति जिम्मेदारियां तथा पोषण देख-रेख की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में श्री जयदीप गर्ग, विशेष न्यायाधीश (एस.सी./एस.टी.) पीए एक्ट कोरबा, कु0 डिम्पल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा, जिला लोक अभियोजन अधिकारी राजेन्द्र कुमार साहू, जिला न्यायालय कोरबा के कर्मचारीगण, लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम कोरबा के कौंसल एवं स्टाफ तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के अधिकार मित्र उपस्थित रहें तथा विधिक जागरूकता के साथ कार्यक्रम का समापन प्रश्नोत्तर के साथ किया गया।

### छग पेंशनधारी कल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष का चुनाव

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष का चुनाव कार्यक्रम समस्त जिले से आये जिला शाखा अध्यक्षो प्रांतीय पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा लोकतांत्रिक तरीके से रविवार को स्व योगेश सिंह स्मृति भवन में सम्पन्न हुआ। जहां सर्वसम्मति से डॉ डी पी मनहर को प्रांताध्यक्ष निर्वाचित किया गया, कार्यक्रम की अध्यक्षता डी एस राम उप प्रांताध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि संघ के संरक्षक बालमुकुंद चतुर्वेदी, विशिष्ट अथिति आर पी बडगोत्या सरगुजा संभाग, के के द्विवेदी, उप प्रांताध्यक्ष जगदलपुर थे। प्रांताध्यक्ष श्री मनहर ने अपने उदबोधन में संघ के सभी पदाधिकारियों तथा सदस्यों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आप सभी ने एक बार पुन; पेंशनर्स की सेवा का अवसर प्रदान किया है। संघ की सेवा में श्रधा समर्पण, मनोयोग के साथ पूरे जोश होश एव कोष के साथ आगे बढेंगे। शासन से सतत संपर्क कर पेंशनरो की समस्याओं को हल कराने प्रयत्नशील रहूंगा। कार्यक्रम में कोरबा जिले से अध्यक्ष आर के शर्मा, सचिव रामकुमार वर्मा, संगठन सचिव प्यारेलाल चौहान, वरिष्ठ पेंशनर्स गोपाल प्रसाद प्रजापति, एस आर कंवर, तथा पाली तहसील अध्यक्ष बी एल साहू सहित पेंशनर्स उपस्थित हुए।

बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र के घुड़देवा बस्ती में देर रात हुई थी फायरिंग

# फायरिंग कर दहशत मचाने की कोशिश
# 5 गिरफ्तार, 3 देसी कट्टा व कारतूस जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

घुड़देवा क्षेत्र में कुछ लोग देर रात को हवाई फायर कर दहशत मचाने की कोशिश कर रहे थे लेकिन जैसे ही पुलिस के अफसर के कानों तक बात पहुंची पुलिस की टीम फौरन मौके पर पहुंची और दहशत मचाने की कोशिश कर रहे युवकों को धरदबोचा और उनके मंसूबों को फेल कर दिया। पुलिस ने कट्टा लेकर खुलेआम घूम रहे और देशी कट्टा का अवैध कारोबार करने वाले कुल 5 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है और पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 3 देसी कट्टा और 3 कारतूस व मोटरसाइकिल बरामद किया है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले में आरोपियों को जेल भेज दिया है।

**खास बात**

- सीएसपी और उनकी टीम ने देर रात को धरदबोचा था आरोपियों को

बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत घुड़देवा बस्ती निवासी विकेश गुप्ता, धर्म सिंह, सेवा सागर तीनों युवक रविवार की रात लगभग 8:30 बजे घुड़देवा में देसी कट्टा लहरा रहे थे और इस दौरान विकेश गुप्ता नामक युवक ने देशी कट्टा से हवाई फायरिंग भी की थी जैसे ही पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी को यह सूचना मिली कि घुड़देवा बस्ती में कुछ लोगों ने हवाई फायरिंग की है और दहशत पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं फिर क्या था पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर आईपीएस दर्री सीएसपी विमल पाठक तत्काल दलबल सहित मौके पर जा धमके और कट्टा लहराकर घूम रहे विकेश गुप्ता, धर्म सिंह, सेवा सागर को धरदबोचा। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने एक देशी कट्टा और कारतूस बरामद किया। पुलिस ने तीनों आरोपियों से कड़ी पूछताछ की तो पुलिस को ज्ञात हुआ कि विकेश गुप्ता नामक युवक ने पूर्व में घुड़देवा क्षेत्र में रहने वाले पिता पुत्र आनंद राम बघेल व उसका पुत्र सत्यलेख बघेल को भी देशी कट्टा बेचा था फिर क्या था पुलिस की टीम आनंद राम बघेल के घर जा धमकी और आनंद राम बघेल और उसके पुत्र सत्यलेख बघेल के कब्जे से भी पुलिस ने देशी कट्टा और कारतूस बरामद कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए सभी आरोपियों के कब्जे से 3 देशी कट्टा और 3 कारतूस बरामद किया है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जब्त कट्टा

**40 हजार में खरीदा था देसी कट्टा**

सीएसपी दर्री विमल पाठक ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि विकेश गुप्ता देशी कट्टे का अवैध कारोबार करता था जिससे पूछताछ के दौरान यह जानकारी दी कि उसने 40 हजार रुपए में आनंद राम बघेल व उसके पुत्र सत्यलेख बघेल को देशी कट्टा बेचा था। जिसकी निशानदेही पर पुलिस ने देशी कट्टा पिता पुत्र के कब्जे से भी बरामद किया है और पूर्व में 18 हजार रुपए में देशी कट्टा को गिरवी भी रखा था। फिलहाल पुलिस पकड़े गए आरोपियों से कड़ी पूछताछ कर रही है अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि विकेश गुप्ता देशी कट्टा की खरीदी कहां से करता था। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है जांच के बाद ही मामले से पर्दा उठ सकेगा कि विकेश गुप्ता कहां से देशी कट्टे की खरीदी कर कोरबा में खपाया करता था। पहली बार जिला पुलिस ने एक साथ 3 देशी कट्टा व 3 कारतूस जप्त करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है।

# कलेक्टोरेट परिसर के समीप पटवारी रिश्वत लेते पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा अनुभाग के अंतर्गत आने वाले अजगरबहार तहसील में पदस्थ एक पटवारी को ईओडब्ल्यू की टीम ने 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है। किसान से जमीन के ऑनलाइन रिकार्ड को दुरुस्त करने के एवज में रकम तय की गई थी। उक्त पटवारी हाल में हुए स्थानांतरण के दौरान पसान तहसील से अजगरबहार तहसील में पदस्थ हुआ है।

**खास बातें**

- रिकार्ड दुरुस्त करने के नाम पर ले रहा था 10 हजार रुपए
- ईओडब्ल्यू की टीम ने दोपहर में की कार्यवाही

राजस्व विभाग के हल्का पटवारियों द्वारा मैदानी क्षेत्र में आम पक्षकारों के साथ किस तरह से परेशान किया जा रहा है इसका उदाहरण सोमवार को नजर आया। जब अजगरबहार तहसील में पदस्थ सुल्तान सिंह पटवारी ने पसान तहसील के पटवारी हल्का दुल्लापुर के ग्रामीण से उसके जमीन के रिकार्ड को ऑनलाइन दुरुस्त करने के लिए पैसे की मांग की गई थी। रकम तय होने पर पटवारी ने उक्त ग्रामीण को कलेक्ट्रेट परिसर के समीप बुलवाया था। ग्रामीण ने इसकी सूचना ईओडब्ल्यू की टीम को दी थी। उनके बताए अनुसार ग्रामीण पसान से सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचा था जहां ए ल आ ई सी बिल्डिंग के समीप रिश्वत लेते हुए पटवारी को ईओडब्ल्यू की टीम ने रंगे हाथ पकड़ा। उस दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में जनदर्शन होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों से आये हुए लोग बड़ी संख्या में पहुंचे हुए थे। टीम ने कार्यवाही करने के बाद पटवारी को अपने कब्जे में लेकर तत्काल सिविल लाईन थाना पहुंचे और इसकी सूचना अनुविभागीय अधिकारी कोरबा को दी गई। पटवारी के रिश्वत लेते पकड़े जाने की खबर जैसे ही कलेक्ट्रेट कार्यालय में पहुंची तो प्रशासनिक अमलों में हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि उक्त पटवारी सुल्तान सिंह पसान तहसील में पदस्थ था जो हाल ही में हुए स्थानांतरण के दौरान उसे कोरबा अनुभाग के अजगरबहार तहसील में पदस्थ किया गया था। पदस्थापना के एक सप्ताह बाद ही वह पुराने मामले में रिश्वत लेते पकड़ गया।



पटवारी से पूछताछ करते अधिकारी।



पटवारी

**लंबित पड़े हैं कई मामले**

जिले के विभिन्न तहसीलों में रिकार्ड दुरुस्तीकरण से लेकर नामांकन, बटवारा, सीमांकन आदि के प्रकरण लंबित पड़े हुए हैं। जिनके तत्काल निराकरण को लेकर लगातार निर्देश दिए जा रहे हैं। उसके बावजूद हल्का पटवारियों के द्वारा अधिकारियों के आदेश को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। जिससे आम पक्षकार तहसील कार्यालय से लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय में चक्कर काटते रहते हैं। सीमांकन और रिकार्ड दुरुस्तीकरण की शिकायतें तो कलेक्ट्रेट जनदर्शन में ग्रामीण लेकर पहुंचते हैं।

### अतिरिक्त कोच की मिली सुविधा

**कोरबा।** अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली गाड़ी संख्या 18247, 18248 बिलासपुर-रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा बिलासपुर से 21 से 30 अप्रैल तक तथा रीवा से 22 अप्रैल से 1 मई तक उपलब्ध रहेगी।

# दैहिक शोषण के मामले में आरोपी को 10 वर्ष की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक नाबालिक किशोरी को शादी का झांसा देकर उसके साथ दैहिक शोषण करने वाले युवक के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर डॉ ममता भोजवानी अपर सत्र न्यायाधीश पाक्सो के न्यायालय ने उसे 10 वर्ष सश्रम कारावास व 12 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा से दंडित किया है। विशेष लोक अभियोजक सुनील कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंडरी निवासी शिवम कुमार पटेल 22 वर्ष पिता मोहनलाल पटेल ने 25 अप्रैल 2024 को एक नाबालिक किशोरी को शादी का झांसा देकर उसके साथ दैहिक शोषण की घटना को अंजाम दिया था। किशोरी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी शिवम कुमार पटेल के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले को न्यायालय में पेश किया था जहां मामले की सुनवाई न्यायालय में चल रही थी और आरोपी शिवम कुमार पटेल के खिलाफ दोषसिद्ध होने पर न्यायालय ने उसे धारा 376 के तहत 10 वर्ष सश्रम कारावास व 12 हजारा रुपए के अर्थदंड की सजा से दण्डित किया है जुमाँना की राशि जमा ना करने पर 3 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक सुनील कुमार मिश्रा ने मामले में पैरवी की है।

# सड़क किनारे खाई में मिली एसईसीएल कर्मी की लाश



दुर्घटनाग्रस्त बाईक।



मृत एसईसीएल कर्मी का शव।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांकीमोगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्लाखार में सड़क किनारे खाई में सोमवार की सुबह एक युवक का शव देखा गया। शव के पास ही एक बजाज पल्सर बाइक भी पड़ी हुई थी। आशंका जताई जा रही है कि बाइक सवार की अंधेरे में सड़क किनारे खाई में गिरने से मौत हुई है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले को जांच कर रही है। मृतक की पहचान कुसमुण्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत एम-116 विकास नगर निवासी मिथलेश कुमार 40 वर्ष पिता स्व. सुकवारा सिंह के रूप में की गई है जो एसईसीएल कुसमुंडा परियोजना में सरफेश माइनर के पद पर पदस्थ था। बताया जाता है कि मिथलेश कुमार रविवार की रात लगभग 8 बजे अपने घर से चाकाबुड़ा बुंदेली शादी समारोह में शामिल होने गया था उसकी मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस के मुताबिक प्रथम दृष्टया मामला सड़क हादसा का प्रतीत हो रहा है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

### बाइक की चोरी, जुर्म दर्ज

**कोरबा।** बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम आमहवा निवासी देवप्रसाद आयाम 30 वर्ष पिता गुलाब सिंह पोर्ते ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह खेती किसानी का काम करता है। ग्राम जटगा में देवप्रसाद अपने मामा के बेटे सिरिशपाल मरकाम की शादी में शामिल होने के लिए अपने घर से ग्राम जटगा आया था। शाम 4 बजे देवप्रसाद तथा प्रताप सिंह पोया के साथ रामेश्वर पोर्ते के मुर्गी दुकान मुर्गी लेने के लिए मोटर सायकल एसएफ डिलक्स कमांक सीजी 12 बी क्यू 3258 गया था तथा उसके दुकान के पास मोटरसायकल को खड़ी किया था तथा चाबी को गाड़ी में छोड़ दिया था तथा जब देवप्रसाद मुर्गी लेने में व्यस्त था तभी एक अज्ञात व्यक्ति देवप्रसाद के मोटर सायकल को चोरी कर फरार हो गया। प्राथी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उसकी खोजबीन शुरु कर दी है।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
माह मई 2025
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट
नोट : 1 मई से 31 मई तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 25 अप्रैल 2025 तक जमा कर सकते हैं।
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार 1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार 2 नग रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार 3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार 1100
नियम व शर्तें लागू
कार्यालय प्रति
पाठक का नाम ____ मो.नं. ____
पिता का नाम ____ जन्मतिथि ____
स्थान ____ जिला ____
एजेंसी का नाम ____
एजेंसी का पता ____ मो.नं. ____
नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।
हरिभूमि ग्राहक प्रति जन्मदिन उत्सव
पाठक का नाम ____ मो.नं. ____
पिता का नाम ____ जन्मतिथि ____
स्थान ____ जिला ____
एजेंसी का नाम ____
एजेंसी का पता ____ मो.नं. ____

बिलासपुर, मंगलवार 22 अप्रैल 2025
haribhoomi.com



## खबर संक्षेप



### गौ विज्ञान परीक्षा में मुस्कान को मिला द्वितीय स्थान

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य में विद्यार्थियों के मध्य गाय का वैज्ञानिक पक्ष सामने लाने के उद्देश्य से आयोजित गौ विज्ञान परीक्षा के प्रांत स्तरीय तृतीय चरण परीक्षा 20 अप्रैल को रायपुर में आयोजित हुई। जिसमे प्रांत के प्रत्येक जिले से कुल 294 बच्चे परीक्षा में सम्मिलित हुए। जिसके बाद गौ सेवा संगम कार्यक्रम हुई, जिसमें मुख्य अतिथि अखिल भारतीय अधिकारी संयोजक गौ सेवा गतिविधि अजित महापात्र, विशिष्ट अतिथि बाल संरक्षण आयोग डॉ वर्णिका शर्मा, पूर्व पूर्व बाल संरक्षण आयोग अध्यक्ष एवं गौ ग्रंथ संपादक शताब्दी पांडेय, गौ सेवा आयोग अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल, प्रांत संयोजक इरन्ना सपारे, प्रांत परीक्षा प्रमुख सुबोध राठी एवं सभी विभाग प्रमुख एवं जिला प्रमुख की उपस्थिति रही। प्रतियोगित के विजेता प्रतिभागियों को पुरुस्कृत किया गया। जिला संयोजक लालिमा जायसवाल ने बताया कि जिले से कुमारी मुस्कान श्रीवास, स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल बिंझरा पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक ने ग्रुप बी से प्रांत स्तरीय गौ विज्ञान परीक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया।

### संविदा लाइन कर्मियों को 31 मई के पूर्व नियमित किए जाने का आग्रह

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के अध्यक्ष डा रोहित यादव से फेडरेशन महासचिव आर.सी. चेट्टी ने कंपनी में वर्ष 2016 एवं वर्ष 2018 से परिचारक लाईन (संविदा) पद पर कार्यरत कर्मचारियों को 31 मई के पूर्व नियमित सेवा में लिये जाने का आग्रह किया है। छत्तीसगढ़ विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन-1 के महासचिव ने अध्यक्ष को संबोधित पत्र में परिचारक लाईन (संविदा) को नियमित किये जाने 8 बिन्दुओं का स्पष्ट उल्लेख कर संविदा कर्मियों को नियमितिकरण के लिए पात्र बताया है। महासचिव ने अपने पत्र में संविदा लाईन कर्मी नियमित प्रकृति कार्य एवं पद के वियद्ध है, सीधी भर्ती चयन प्रक्रिया में भर्ती नियम का पालन, समान कार्य में नियोजित नियमित एवं संविदा पर समान नियम/कानून लागू नियमित कर्मी के अनुरूप कार्य के घंटे एवं मैदानी भत्ता समान, नियमित कर्मियों जैसा संविदा लाईन भी शिरोपरी लाईन (ओव्हरहेड) लाईन प्रशिक्षण प्राप्त, समान कार्य नियोजित दोनों पर समान नियम एवं श्रम कानून लागू, तकनीकी पद के कारण औद्योगिक नियोजन (स्थायी आदेश) नियम 1963 लागू एवं इस नियम के तहत समान वेतन एवं सुविधा की पात्रता। महासचिव ने बताया कि संगठन के सुझाव पर कंपनी द्वारा विधिक अभिमत लिया गया है।

### प्रधान आरक्षक के सूने मकान से जेवर, कार चोरी

**बिलासपुर।** आरपीएफ प्रधान आरक्षक के सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर पूरा मकान खंगाल डाला। कीमती जेवर के साथ चाबी हाथ लगने पर वे उनकी कार चोरी कर भाग निकले। कुछ दूर जाने के बाद पेट्रोल खत्म होने से कार खड़ी कर चोर भाग गए। जिससे कार सुरक्षित मिल गई है। तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने बताया, महमंद शिव विहार कालोनी निवासी देव कुमार डडसेना पिता कैलास डडसेना 48 साल आरपीएफ में प्रधान आरक्षक हैं और उनकी अनूपपुर में पोस्टिंग है। 14 अप्रैल को उनकी पत्नी बच्चों के साथ घर के दरवाजे में ताला लगाकर अनूपपुर उनके पास चले गए थे। इधर सूने मकान का फायदा उठाते हुए चोरों ने उनके घर में धावा बोलकर आराम से पूरा मकान खंगाल डाला। आलमारी का लाकर तोड़कर सोने का चेन, पायल, बिछिया, करधन समेट लिया। खोजबीन के दौरान घर के सामने खड़ी सैलेरिया कार की चाबी हाथ लग गई। उसके बाद चोर सीसीटीवी कैमरे का हार्ड डीस्क निकालकर उनकी कार लेकर भाग निकले। कुछ दूर जाने के बाद कार का पेट्रोल खत्म हो गया। इससे आनन फानन में चोर उनकी कार छोड़कर भाग निकले। 20 अप्रैल को पड़ोसियों ने उनके घर में चोरी होने की जानकारी दी। उसके बाद वे अपने घर पहुंचे तो सामान अस्त व्यस्त पड़े थे और घर के कुछ दूरी पर कार खड़ी हुई मिली।


## निधन

### रविंद्र सिंह



**कोरबा।** दुरपा रोड निवासी रविंद्र सिंह पिता स्व. जय नारायण सिंह का निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ्य चल रहे थे। वे अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र, दो पुत्री सहित भरापूरा परिवार शोक संतप्त छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम संस्कार में परिवार परिजन सहित गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### अशोक संत



**कोरबा।** एसबीआई बैंक के पूर्व मैनेजर व आरएसएस नगर निवासी अशोक संत का सोमवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 23 अप्रैल की सुबह 10 बजे पोड़ीबहार स्थित मुक्तिधाम में किया गया।

## महापौर ने दादर में निर्मित प्रधानमंत्री आवासगृहों का किया निरीक्षण

# पीएमएवाई आवासगृहों के शेष बचे निर्माण कार्यों को दें अंतिम रूप : संजू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित कराए गए आवासगृहों के शेष बचे निर्माण कार्यो को त्वरित रूप से पूरा कराएं एवं वहां पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुए आवासगृहों को पात्र हितग्राहियों को आबंटित किए जाने की कार्यवाही संपादित कराएं ताकि इन आवासगृहों का लाभ हितग्राहियों को मिल सके।

उक्त बातें महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कही। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत दादर में निर्मित कराए गए आवासगृहों व परिसर का निरीक्षण किया। इस मौके पर निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा, जोन कमिश्नर प्रकाश चन्द्रा, सहायक अभियंता गोयल सिंह विमल, पूर्व पार्षद दीपक यादव आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महती योजना प्रधानमंत्री आवास योजना के ए.एच.पी. घटक अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा दादर बस्ती के समीप 2784 आवासगृहों (फ्लैट) का निर्माण कराया गया है, जिनके शेष बचे कार्य प्रगति पर हैं। महापौर श्रीमती राजपूत ने इन आवासगृहों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि मकानों के शेष बचे कार्यो में गति लाकर इन कार्यो को अंतिम रूप दें एवं वहां पर पानी, बिजली, सड़क, नाली जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुए पात्र हितग्राहियों को इनका आबंटन कराएं, ताकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप इन पक्के आवासगृहों का लाभ जरूरतमंद लोगों को शीघ्र प्राप्त हो सके।



अधिकारियों से आवास योजना की जानकारी लेती मेयर।

### दादर बस्ती में किया भ्रमण

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने दादर बस्ती पहुंचकर वहां के नागरिकों से भेंट मुलाकात की, उनकी समस्याओं को जाना तथा समस्याओं के निराकरण के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। महापौर श्रीमती राजपूत ने मां कंकालिन मंदिर के पीछे स्थित तालाब का निरीक्षण किया, बस्तीवासियों द्वारा तालाब की साफ-सफाई व सौदंर्यीकरण आदि की मांग को संज्ञान में लेते हुए उन्होने कहा कि तालाब के मालिकाना हक का परीक्षण करा लें तथा यदि तालाब शासकीय तालाब है तो इसके सौदंर्यीकरण की दिशा में समुचित रूप से आवश्यक कार्यवाही करें।

# पहुंचविहीन बसाहटों में बनेगी पीएम सड़क, जुड़ेंगी मुख्यमार्ग से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के ऐसे पहुंचविहिन बसाहटों में पीएम सड़क के तहत पहुंचमार्ग का निर्माण होगा जहां बरसात में पहुंचना मुश्किल हो जाता था। सड़क नहीं होने से वाहनों से आवगमन मुश्किल रहता था ऐसे पहुंचविहिन क्षेत्र ग्रामीण अंचलों के पहाड़ी क्षेत्रों में स्थित हैं, जिनका सर्वे के दौरान चिन्हांकन किया गया है। 24 ऐसे क्षेत्र हैं जिसमें सड़क का निर्माण किया जाएगा।

**खास बातें**

- ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वे कर किया गया है चिन्हांकित
- पहाड़ी क्षेत्रों के पारेटोले तक नहीं है पहुंचमार्ग

जिले के 440 ग्राम पंचायतों के अंतर्गत आने वाले अनेक ऐसे पारेटोले हैं जो पहाड़ी क्षेत्रों में स्थिति होने के कारण वहां तक पहुंचमार्ग का निर्माण नहीं हो पाता था। ऐसे क्षेत्रों का सर्वे अभियान चलाया गया जिसमें दुर्गम क्षेत्रों में बसे ऐसे 24 स्थान चिन्हांकित हुए हैं जो पहाड़ी क्षेत्रों में होने के कारण पहुंचमार्ग से दूर हैं। ऐसे क्षेत्रों में खाद्यान्न सामग्री बरसात के पूर्व पहुंचाई जाती थी। सड़क नहीं होने का खामियाजा वहां के निवासियों को भुगतना पड़ता था। साथ ही सरकारी अमला भी नहीं पहुंच पाता था। ऐसे स्थानों को पहुंचमार्ग से जोड़ने के निर्देश आदिमजाति कल्याण विभाग की ओर से प्रशासन को मिले थे। उसके बाद से सर्वे के कार्य किया गया था। ऐसे पहुंचविहिन गांव पोड़ी उपरोड़ा जनपद पंचायत के पहाड़ी क्षेत्र में स्थित है।



बेलाकछार- संगमनगर पहुंच मार्ग जहां बनेगी पीएम सड़क।

### पीएम जनमन के सर्वे में 23 स्थानों का हुआ था चयन

पीएम जनमन योजना अंतर्गत जनजाति बसाहटों का भी सर्वे कार्य किया गया था जिसमें 23 ऐसे स्थान चिन्हांकित हुए थे जहां पहुंचमार्ग का निर्माण होना था, ग्रामीण यांत्रिकी विभाग को इसके लिए निर्माण एजेंसी बनाया गया था। जिसके द्वारा बीते एक वर्ष से कार्य किया जा रहा है और अभी भी इन जनजाति बसाहट क्षेत्रों में सड़क निर्माण का काम पूरा नहीं हो सका है।

# इंडियन क्लासिकल डांस प्रतियोगिता में अश्विका को मिला प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ओडिसा के जगन्नाथपुरी संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा ओडिसा फेस्टीवल भारत संस्कृति यात्रा के तहत इंडियन क्लासिकल डांस प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। उक्त प्रतियोगिता में एनटीपीसी डीपीएस की छात्रा अश्विका साव ने कथक एकल नृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

**खास बात**

- जगन्नाथपुरी संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा किया गया था आयोजन

अश्विका इसके पूर्व भी संकूल स्तर, राज्य स्तर एवं राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित क्लासिकल डांस स्पर्धा में भाग लेकर कथक नृत्य का प्रदर्शन कर चुकी है। इसके साथ ही राज्य स्थापना दिवस के समारोह एवं पाली महोत्सव में भाग लेकर कथक नृत्य का प्रदर्शन कर विशेष स्थान प्राप्त कर चुकी हैं। अपने इस यात्रा के दौरान अश्विका ने भारत के बाहर थाईलैंड, दुबई में भी कथक नृत्य का प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इसके अलावा 22 से 25 मई तक आयोजित मलेशिया में होने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होने जा रही है। अश्विका लखनउ घराने से कथक सीख रही हैं। अपनी इस सफलता का श्रेय अपने गुरु रंजीत नायक, व कुणाल दास को देती हैं।




# बालको ने विश्व पृथ्वी दिवस पर अपशिष्ट प्रबंधन के लिए उपलब्ध कराए इलेक्ट्रिक वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वेदांता समूह की कंपनी बालको ने विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर अपनी टाउनशिप में अपशिष्ट प्रबंधन हेतु छह इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को शामिल किया है। प्रत्येक वाहन 1 हजार किलोग्राम भार क्षमता के साथ अपशिष्ट पृथक्करण की सुविधा प्रदान करता है, जिससे अपशिष्ट का सुव्यवस्थित और कुशल निपटान संभव हो सका है।

सस्टेनेबल औद्योगिक विकास को बढ़ावा देते हुए बालको ने अपने प्रचालन में इलेक्ट्रिक फोर्कलिफ्ट भी तैनात किए हैं। इनका उपयोग न केवल कार्यकुशलता बढ़ाने में सहायक है, बल्कि इससे कार्बन उत्सर्जन और ईंधन की खपत में भी उल्लेखनीय कमी आई है। यह पहल 2030 तक अपने समस्त लाइट मोटर व्हीकल (एलएमवी) बेड़े को 100 प्रतिशत डीकार्बोनाइज करने के कंपनी के लक्ष्य के अनुरूप है। संयंत्र के भीतर गतिशीलता के लिए बालको लगातार कम-उत्सर्जन विकल्पों की खोज तथा मुख्य प्रचालन प्रक्रियाओं को सस्टेनेबल रूप से परिवर्तित कर रहा है। कंपनी कर्मचारियों को इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग हेतु प्रोत्साहित करते हुए सब्सिडी दरों पर ईवी की खरीद का समर्थन भी कर रही है। हरित ऊर्जा प्रथाओं, कार्यशालाओं और वृक्षारोपण अभियानों के माध्यम से लोगों को जागरूक कर, कंपनी हरित समुदाय के निर्माण की दिशा में निरंतर कार्यरत है। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि हम कंपनी में नवोन्मेषी हरित समाधानों में सक्रिय रूप से निवेश कर रहे हैं, जो हमारे प्रचालन को सस्टेनेबिलिटी की दिशा में आगे लेकर जा रहे हैं। पर्यावरण-अनुकूल तकनीकों के उपयोग और लोगों को सस्टेनेबल प्रथाओं को अपनाने हेतु प्रेरित कर हम समुदायों के लिए एक हरित भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। कुशल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए बालको ने टाउनशिप से निकलने वाले ठोस एवं तरल अपशिष्ट के निपटान हेतु सॉलिड एंड लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट सेंटर (एसआरएलएम) की स्थापना की है। यह प्रणाली स्त्रोत पर ही अपशिष्ट के पृथक्करण पर आधारित है, जिसमें रंग-कोडित डिब्बों के माध्यम से बायोडिग्रेडेबल, नॉन-बायोडिग्रेडेबल और सैनिटरी कचरे को अलग-अलग एकत्रित किया जाता है। स्वच्छता और सस्टेनेबिलिटी को ध्यान में रखते हुए बालको सभी के लिए एक हरित और स्वस्थ टाउनशिप बनाने हेतु प्रतिबद्ध है। नेहरू गार्डन जैसे विकास कार्यों के माध्यम से बालकोनगर हरित मनोरंजन स्थलों का एक प्रमुख केंद्र बन चुका है। सस्टेनेबिलिटी के क्षेत्र में बालको के प्रयासों को राष्ट्रीय मंचों पर सराहना प्राप्त हुई है। कंपनी को आईएमईए द्वारा 'फ्यूचर रेडी फैक्ट्री ऑफ द ईयर' और सीआईआई द्वारा 'नेशनल एनर्जी लीडर' पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। बालको अपने प्रचालन के प्रत्येक स्तर पर सस्टेनेबल प्रथाओं को शामिल करने हेतु निरंतर प्रयासरत है।



इलेक्ट्रिक वाहन को रवाना करते बालको अधिकारी।

# उद्योग मंत्री ने दो नए अग्निशमन वाहन का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले को दो नये आधुनिक अग्निशमन वाहन की सौगात मिली है। कलेक्टोरेट परिसर में दो नये अग्निशमन वाहन का लोकार्पण उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ पवन सिंह कंवर, नगर निगम की महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, कलेक्टर अजीत वसंत, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, पार्षद नरेन्द्र देवांगन ने हरी झंडी दिखाकर किया।

**खास बात**

- औद्योगिक नगरी में आगजनी से निपटने में होगी आसानी

इस अवसर पर उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि कोरबा एक औद्योगिक जिला है। यहां आग लगने की संभावनाओं को देखते हुए एवं आग से बचाव के लिये आधुनिक अग्निशमन वाहन की आवश्यकता थी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा कोरबा सहित छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों को भी अग्निशमन वाहन उपलब्ध कराये गये हैं। कलेक्टर अजीत वसंत ने कहा कि दुर्घटनाओं का कोई समय नहीं होता, हम सतर्कता एवं सावधानी से बहुत सी दुर्घटनाओं से बच सकते हैं। आग लगने जैसी घटनाएं अचानक से घटती है। पर्याप्त संख्या में फायर ब्रिगेड उपलब्ध होने पर बड़ी दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने में आसानी होती है। यह सौभाग्य है कि आज दो नये फायर ब्रिगेड कोरबा जिले को मिले हैं। होमगार्ड के कमांडेंट बी.पी.सिदार ने बताया कि कोरबा जिले को 12 हजार लीटर क्षमता वाले वाटर वाउजर और पांच हजार लीटर क्षमता वाले वाटर टेंडर अग्निशमन वाहन उपलब्ध कराये गये हैं। वाहनों को फायर स्टेशन में रखा जायेगा। इसका संचालन प्रशिक्षित होमगार्ड के जवान एवं नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा किया जायेगा। उन्होंने बताया कि नये वाहन प्राप्त होने से आगजनी की दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने में सुविधा होगी।



अग्निशमन वाहन को हरी झंडी दिखाते उद्योग मंत्री।

# खिलाड़ियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में सीएमए किकबॉक्सिंग एकेडमी डीडीएम रोड में किकबॉक्सिंग खिलाड़ियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा ने बताया कि एकेडमी में किकबॉक्सिंग, मार्शल आर्ट खेल, आत्मरक्षा, जनरल फिटनेस प्रशिक्षण के साथ साथ समय समय पर खिलाड़ियों के शारीरिक, बौद्धिक एवं नैतिक विकास हेतु विभिन्न कार्यशालाओं का आयोजन भी किया जाता है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के पत्राचार पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा खिलाड़ियों के हित में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

# जनदर्शन में पहुंचे जमीन सीमांकन, खाता बंटवारे जैसी मांगों के आवेदन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर जनदर्शन में कलेक्टर अजीत वसंत ने आमनागरिकों की समस्याओं को सुना। उन्होंने जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों को सम्बंधित अधिकारियों को प्रेषित कर समय-सीमा के भीतर निराकरण के निर्देश दिए हैं। जन दर्शन में कुल 70 आवेदन प्राप्त हुए।

कलेक्टर जनदर्शन में सीमांकन, पट्टा, खाता विभाजन, बिजली बिल, पीएम आवास,राशनकार्ड, प्राकृतिक आपदा की राशि, विद्युत ट्रांसफार्मर, उज्ज्वला कनेक्शन आदि के आवेदन प्राप्त हुए। ग्राम चिकनीपाली के लिटीयराम साहू ने खाता विभाजन, तिवरता के संजय कुमार ने काबिज भूमि को अपने नाम कराने, जमनीपाली के सुराजी दास ने बिजली बिल अधिक आने की शिकायत, मनकेश्वर चौहान ने पीएम आवास,ढोढ़ी पारा के संगीता ने रोजगार के लिए, अनिल कुमार चौधरी ने भूमि को भुइयां पोर्टल में दर्ज कराने, आवेदक मोहनलाल ने पोड़ी उपरोड़ा के कोठखर्रा में जमीन बेचने के नाम पर धोखाधड़ी करने, ग्राम रामाकछार के सरपंच ने आंगनबाड़ी तेलसरा, रामाकछार, नदियापार में नवीन भवन, प्राथमिक शाला सरापारा में अहाता निर्माण, पोड़ी उपरोड़ा के ग्राम भैसामुडा की प्रमीला धनवार ने प्राकृतिक आपदा आर्थिक सहायता, ग्राम तेलसरा के पत्थर सिंह ने सीमांकन, गेवरा बस्ती के मंगलदास ने सीमांकन संबंधित आवेदन दिए।


## कोरबा मार्केट












21 korba-pg3_Layout 1 4/22/2025 12:12 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया गया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, घुरू निवासी राहुल यादव पिता अशोक यादव शादी में डेकोरेशन का काम करता है। 21 अप्रैल को सुबह 8 बजे वह माता चौरा के पास बैठा हुआ था। इसी दौरान श्रीवास मोहल्ले में रहने वाला सन्नी कौशिक आया और पुरानी बात को लेकर राहुल के साथ जबरन झगड़ा कर गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी दी और हाथ मुक्का से मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया, जिससे राहुल के बाएं हाथ व चेहरे पर चोट आई। पुलिस ने राहुल की रिपोर्ट पर हमलावर सन्नी कौशिक के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### करंट से मवेशी की मौत ग्रामीण पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** करंट की चपेट में आने से मवेशी की मौत हो गई है। पुलिस ने कांटा तार में करंट लगाने वाले ग्रामीण के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। रतनपुर टीआई नरेश चौहान ने बताया, बेलतरा भदरापारा निवासी किसान संतोष नेताम रोज की तरह 20 अप्रैल को घर के मवेशी को चरने के लिए गांव में छोड़ दिया था। इसी दौरान उसका मवेशी अशोक धीवर के खेत के चारों ओर लगे कांटा तार को पार कर रहा था तब करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। संतोष नेताम ने आरोप लगाया है कि अशोक धीवर के द्वारा लगाए गए करंट की जाल में फंसकर कई मवेशियों की मौत हो गई, जिसे उसने जमीन में दबा दिया है। पुलिस ने संतोष नेताम की रिपोर्ट पर अशोक धीवर के खिलाफ बीएनएस की धारा 10, 4, 325 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

बिलासपुर। खराब ट्रांसफार्मर को सुधारते ठेका कर्मचारी करंट लगाने से गंभीर रूप से झुलस गया। युवक को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। घटना 20 अप्रैल की है। सोमवार को युवक का पीएम किया गया। मिली जानकारी के अनुसार मस्तूरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कर्रा के वार्ड क्र.17 बंजरपारा मोहल्ला में लगे ट्रांसफार्मर में कुछ खराबी आने से पिछले कुछ दिनों से मोहल्ले में बिजली आपूर्ति बाधित थी। बिजली विभाग में ठेका कर्मचारी व ग्राम लिमतरा निवासी उमेश कुमार कुर्मी पिता अशोक कुर्मी उम्र लगभग 32 वर्ष रविवार को शाम 4 ट्रांसफार्मर में चढ़ मरम्मत कर रहा था। इस दौरान उसका हाथ 11 केव्ही तार से टकरा गया। जिससे वह झुलसकर नीचे गिर गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल बिलासपुर स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डाक्टरों ने परीक्षण उपरांत उमेश को मृत घोषित कर दिया।

**एक्सरे रूम के सामने शार्ट सर्किट** दिन भर हलाकान रहे मरीज, डाक्टरों ने मोबाइल की रोशनी में किया इलाज

# केबल जला, 8 घंटे तक जिला अस्पताल में बंद रही बिजली, बड़ा हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला अस्पताल के पुरानी बिल्डिंग में सोमवार को अचानक शार्ट सर्किट के कारण ग्राउंड फ्लोर की बिजली बंद हो गई। सुबह 11 बजे से बंद बिजली शाम 7 बजे तक नहीं आई। पीडब्ल्यूडी और अस्पताल स्टाफ बिजली सुधार कार्य में लगे रहे, लेकिन मरीजों का बुरा हाल रहा। 43 डिग्री तापमान में उन्हें पसीने से तरबतर होना पड़ा। खास बात यह है कि इस दौरान प्रबंधन की लापरवाही सामने आई। सुबह 11 बजे हुई घटना के बाद सुधार कार्य में 8 घंटे से अधिक समय लगाया गया।

जिला अस्पताल में मरीजों को होने वाली समस्याओं से प्रबंधन को सरोकार नहीं है। सामेवार को इसकी मिशाल देखने को मिली। दरअसल एक्सरे रूम के बाहर लगे पैनेल बोर्ड के आसपास शार्ट सर्किट के कारण केबल जल



गया। इस दौरान बिजली के उपकरण खराब हो गए। यह घटना सुबह 11 बजे हुई, लेकिन इसके बावजूद 1 बजे के बाद प्रबंधन के डाक्टर और स्टाफ मरीजों छोड़ गायब हो गए। शाम 4 बजे तक स्थिति नहीं सुधरी और फिर से ओपीडी में मरीजों का देखने का सिलसिला जारी रहा, इस दौरान मोबाइल की रोशनी में डाक्टर मरीजों का इलाज करते रहे। शाम 7 बजे तक बिजली नहीं आने के कारण मरीजों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। करीब रात 8 बजे के बिजली



सप्लाई नार्मल हो सकी। खास बात यह है कि इस दौरान अस्पताल में प्रबंधन का कोई जिम्मेदार अधिकारी मौजूद नहीं था, ऐसे में मरीजों को आधा अधूरा इलाज ही मिल सका। एक्सरे और पैथोलैब की सुविधा नहीं मिल सकी। प्रबंधन का कहना है कि इस दौरान जनरेटर नहीं चलाया जा सकता था ऐसे में सोलर पैनल के सहारे बिजली जारी रखी गई थी, लेकिन पीडब्ल्यूडी को 5 घंटे से अधिक का समय बिजली सुधार में लग गया।

### अस्पताल में इलेक्ट्रीशियन नहीं

रोजाना 400 से अधिक मरीज जिला अस्पताल में इलाज के लिए आते है, जिला अस्पताल के साथ ही मातृ एवं शिशु अस्पताल भी यहां मौजूद है, आईसीयू और अन्य सुविधा भी राज्य सरकार द्वारा मुहय्या कराया जा रहा है लेकिन ताज्जूब की बात यह है कि जिला अस्पताल में इलेक्ट्रीशियन तक नहीं है। एक दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी पालन सिंह 16 साल से इलेक्ट्रीशियन का काम देखता था, उसे भी सिविल सर्जन ने हटा दिया है। ऐसे में यही कहा जा सकता है कि प्रबंधन के अधिकारी लापरवाही करते हुए बड़ी दुर्घटना होने का इंतजार कर रहे है।

### यहां पसरा रहा अंधेरा

एमआरडी और काउंटरों में अंधेरा पसरा रहा, इस दौरान कैजुवल्टी, ओपीडी, पैथोलैब, एक्सरे रूम, डेंटल, आर्थो और नेत्ररोग विभाग में डाक्टर मौजूद रहे लेकिन उन्हें भी पसीने से तरबतर होना पड़ा। इसी हालत में वे शाम को मरीजों का इलाज भी किया।

### शुरू की गई है सप्लाई

बिजली बंद आपदा है, फिर भी बंद होने की जानकारी मिलते ही स्टाफ को लगाया गया था। जनरेटर चालू नहीं किया जा सकता था, इससे रिवर्स करंट का अंदेशा होता है। सोलर सिस्टम से बेकअप लेकर कर काम किया गया है। पीडब्ल्यूडी द्वारा 5 घंटे की मशक्कत के बाद बिजली सप्लाई शुरू की गई है। इस दौरान मरीजों को दिक्कत नहीं हुई है। प्रथम व द्वितीय तल में बिजली सप्लाई थी।

**-डॉ अनिल गुप्ता,**
सिविल सर्जन, जिला अस्पताल

तेलीपारा स्थित नंदू गैरेज के पीछे की घटना से क्षेत्र में मचा हड़कंप

# शराब पीकर गाली गलौज करने से त्रस्त भतीजे ने चाकू मारकर की चाचा की हत्या, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आए दिन शराब पीकर घर में गाली-गलौज करने से त्रस्त भतीजे ने अपने चाचा के पेट में चाकू से हमला कर दिया। उन्हें गंभीर अवस्था में इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई है। पुलिस ने आरोपी भतीजे को गिरफ्तार कर लिया है।



आरोपी।



वारदात के बाद घायल को अस्पताल लेकर पहुंचे परिजन।

कोतवाली टीआई विवेक पाण्डेय ने बताया तेलीपारा नंदू गैरेज के पीछे रहने वाले दिनेश गुप्ता 40 साल एक निजी संस्थान में काम करता था। वह शराब पीने के आदी था और आए दिन घर में गाली-गलौज किया करता था, जिससे घरवाले त्रस्त थे। रविवार की रात 10 बजे दिनेश गुप्ता नशे में घर आया और गाली गलौज करने लगा। उनका भतीजा सुमित गुप्ता 25 साल पहले से शराब पीकर घर में था। उसने चाचा को दीदी जीजा के आने की बात कहते हुए गाली-गलौज करने से मना किया। दिनेश गुप्ता अपने साथ लेकर आए शराब को दिखाते हुए सुमित को पीने के लिए कहा, उसने पीने से मना कर दिया। सुमित घर के अंदर गया तो दिनेश भी अंदर जाकर हंगामा मचाने लगा। इस पर सुमित कमरे से चाकू लेकर आया और अपने चाचा के पेट में हमला कर दिया। मुकेश गुप्ता ने सुमित को पकड़कर रोका। दिनेश को गंभीर अवस्था में इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते टीआई विवेक पाण्डेय, गजेन्द्र शर्मा, गोकूल जांगड़े मौके पर पहुंचकर हमलावर सुमित गुप्ता को पकड़कर थाने ले जाए। पूछताछ में उसने हत्या करना स्वीकर कर लिया। 21 अप्रैल को पुलिस ने मुकेश गुप्ता की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 103, 1 के तहत आरोपी सुमित गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया है।

# सुशासन तिहार में 10 फरार वारंटी पकड़े गए



**बिलासपुर।** सुशासन तिहार में सीपत पुलिस ने फरार 10 वारंटियों को पकड़कर कोर्ट में पेश किया है।

सीपत टीआई गोपाल सतपथी ने बताया कि एसएसपी रजनेश सिंह ने सुशासन तिहार के मद्देनजर बदमाश, फरार आरोपी व वारंटियों की तामिली व अवैध शराब बिक्री, आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने दिशा निर्देश दिया है। 21 अप्रैल को श्री सतपथी ने स्टाफ के साथ विभिन्न मामलों में फरार वारंटी आशुतोष विश्वकर्मा 32 साल देवरी, सुधीर सिंह मवार 35 साल सोंठी, मनीष कुमार दुबे 32 साल देवरी, नंद कुमार रजक 35 साल गुड़ी, रघुवीर सिदार 28 साल झलमला, रोशन खरे 19 साल सीपत, गुलशन खरे 18 साल सीपत, हेतराम श्याम 32 बनियाडीह, अमन साहू 22 साल गुड़ी, शैलेन्द्र शिकारी 20 साल मटियारी निवासी को पकड़कर कोर्ट में पेश किया है।



21 korba-pg4_Layout 1 4/21/2025 11:23 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### जिला पुलिस की अवैध पार्किंग पर सतत कार्रवाई

**कोरबा।** शहर में नो पार्किंग स्थलों पर अवैध रूप से वाहनों के खड़े किए जाने की लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। इन शिकायतों पर यातायात पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में विगत दो दिनों के दौरान यातायात पुलिस द्वारा टीपी नगर, राताखार, सीएसईबी चौक,ट्रांसपोर्ट नगर सहित अन्य प्रमुख क्षेत्रों में अभियान चलाया गया। इस दौरान नो पार्किंग में खड़े कुल 72 वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए 21 हजार 6 सौ समन शुल्क वसूल किया गया है। नगर की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाए रखने के लिए कोरबा पुलिस सभी नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा करती है। अपने वाहन केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा करें एवं नो पार्किंग जैसे प्रतिबंधित क्षेत्रों में वाहन खड़ा करने से परहेज़ करें।

### नहर का तटबंध टूटा, कॉलोनियों में घुस रहा पानी

**कोरबा।** हसदेव बाई तट नहर जो कोरबा शहर के मध्य से होकर गुजरती है के तटबंध को तोड़कर पानी कॉलोनी में घुसने लगा है। साई कृष्ण पैलेस और एसएस ग्रीन कॉलोनी के पीछे नहर से निकला पानी लोगों को डराने लगा है। इसकी सूचना जल संसाधन विभाग को दी गई विभाग के दो कर्मचारी मौके पर पहुंचे और टूटे हिस्से का अवलोकन कर इसकी जानकारी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। इसके रखरखाव पर ध्यान नहीं दिया जाता। यही कारण है की 2 वर्ष पूर्व सीतामणी के समीप इसी नहर का तट बंध टूटा था और कुछ बस्तियां जलमग्न हो गई थी उस समय भी विभाग के अधिकारियों ने लीपा पोती कर ली थी। अबएस एस ग्रीन के पीछे नहर के तटबंध का टूटना जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की अकर्मण्यता का ताजा नमूना है।

### जिला क्रिकेट एसो. ने की सीनियर वर्ग और अंडर 16 की टीम घोषित

**कोरबा।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने सीनियर वर्ग और अंडर 16 की जिला की टीम घोषित की है। खिलाड़ियों का चयन वरिष्ठ खिलाड़ियों, कोच और संगठन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। सीनियर वर्ग टीम में कप्तान मो. वासीम, सत्यम दुबे, स्वप्निल प्रकाश, प्रतीक भारती, आशीष सिंह चौहान, डी आयुष क्रिस्टोफर, दुर्गेश साहू, जितेंद्र साहू, अनुज, सुमित अग्रवाल, अभिसार श्रीवास्तव, भावुक, संदीप डहरिया, अमन त्रिपाठी, पुष्पराज सिदार, अभिषेक कुमार शामिल हैं। टीम के साथ कोच युवराज सिंह और मैनेजर अजय राय बनाए गए हैं। सभी चयनित खिलाड़ी राजनांदगांव स्टेडियम में धमतरी, राजनांदगांव और रायगढ़ की टीम से टी-20 मैच खेलेंगे। इसी तरह बिलासपुर में आयोजित अंडर 16 प्लेट ग्रुप के लिए जिले से कप्तान मनन देवांगन, लोकेश यादव, भावेश दुबे, अर्जुन यादव, कृषिक बंसल, हर्षित अग्रवाल, हितेन प्रताप, श्रीदीप राय, रितेश सारथी, रितेश कुमार, हितेश कुमार, अंकित कुमार, आदित्य त्रिपाठी, अभय पांडे, हर्षित श्रीवास्तव, श्रेयांश त्रिपाठी, कृष्णा अग्रवाल को शामिल किया गया है। इस टीम के कोच विशाल दुबे और मैनेजर की जिम्मेदारी अनिल प्रजापति को दी गई है। चयनित सभी खिलाड़ियों को जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष व कार्यकारी सचिव ने बेहतर खेल के लिए प्रोत्साहित किया है।

### पंछी और पर्यावरण को बचाने चलाया जा रहा अभियान



**कोरबा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई द्वारा गर्मी के इन भीषण दिनों में पक्षियों के लिए जल प्रबंध हेतु सकोरा अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत मिट्टी के बर्तन में रस्सी से पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास में पेड़ों पर उन्हें लगा कर उनमें पक्षियों के लिए पानी व चावल के दाने रखा गया। जिला संयोजक आयुष शर्मा ने बताया कि गर्मी के मौसम में जल के अभाव से पक्षियों को अत्यधिक कठिनाई होती है, ऐसे में इस प्रकार की छोटी-छोटी पहलें भी जीवनदायिनी सिद्ध होती हैं। नगर मंत्री निहाल सोनी ने बताया कि इकाई की यह पहल न केवल पर्यावरण और पक्षियों के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि समाज को भी प्रकृति और जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशील बनने का संदेश देती है।

### शासकीय हाई स्कूल गेवरा का परीक्षा परिणाम घोषित

**कोरबा।** कुसमुंडा के शासकीय हाई स्कूल गेवरा में कक्षा 9वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम भारतीय जनता पार्टी बांकीमोंगरा मंडल के प्रमुख लोगों के तत्वाधान में प्राचार्य गोपाल सिंह कंवर के द्वारा घोषित किया गया। कक्षा 9वीं में 61 विद्यार्थी दर्ज थे जिसमें 64 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इस दौरान श्रीमती एल सोनी, श्रीमती वंदना श्रीवास्तव, राजरानी अग्रवाल, राजकुमारी महंत, कंचन, विकेश झा, सुनीता पाटले, सुखदीप सिंह, रामेश्वर सोनी, कमलेश प्रधान, गुरदीप सिंह, अभिलाष यादव, अभिषेक पटेल, कन्हैया यादव, नागेंद्रर सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## इस साल 81 हजार 312 मिश्रित प्रजाति के पौधे तैयार होंगे नर्सरी में

# पौधे तैयार करने वन विभाग करेगा उपजाऊ मिट्टी की खरीदी



### 20 हजार घनमीटर की पड़ेगी आवश्यकता

वन विभाग के एसडीओ आशीष खेलवार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष जंगल में मिश्रित प्रजाति के पौधों का रोपण किया जाना है। इसके लिए नर्सरी में उपजाऊ मिट्टी की आवश्यकता है ताकि पौधे बहुत ही जल्दी से जल्दी तैयार हो सके। इस वर्ष वन विभाग को 81 हजार 312 पौधों का रोपण करने का लक्ष्य दिया गया है। इन पौधों को तैयार करने के लिए मिट्टी की खरीदी की जानी है इसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। टेंडर की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद ठेकेदार द्वारा नर्सरी में 20 हजार घनमीटर उपजाऊ मिट्टी दिया जाएगा इसके बाद पौधों को तैयार किया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नर्सरी में पौधे तैयार करने के लिए वन विभाग द्वारा उपजाऊ मिट्टी की खरीदी की जाएगी ताकि पौधे जल्दी से जल्दी तैयार हो सके ताकि आने वाली वर्षा ऋतु में तैयार किए गए पौधों को जंगल की खाली पड़ी जमीन पर रोपण किया जा सके।

उल्लेखनीय है कि कोरबा वनमंडल द्वारा इस साल नर्सरी में पौधे तैयार करने के लिए उपजाऊ मिट्टी की खरीदी करने जा रहा है। इसके लिए वन विभाग ने बकायदा टेंडर की प्रक्रिया की है। बताया जाता है कि वन विभाग को नर्सरी में 81 हजार 312 विकसित प्रजाति के साल, सागौन, नीम, जामुन सहित अनेकों प्रजाति के पौधों को तैयार किया जाना है इसके लिए उपजाऊ मिट्टी की आवश्यकता है। वन विभाग ने लगभग इतने पौधों को तैयार करने के लिए 20 हजार घनमीटर उपजाऊ मिट्टी की आवश्यकता है। जिसके लिए वन विभाग ने टेंडर की प्रक्रिया की है ताकि आने वाले दिनों में जल्दी से जल्दी मिट्टी की खरीदी कर कोसाबाड़ी स्थित नर्सरी में पौधों को तैयार किया जा सके और पौधे तैयार होने के बाद 15 जून के बाद बारिश की पहली दस्तक के साथ पौधों को वन विभाग की खाली पड़े जमीनों में चिन्हित स्थलों पर पौधों का रोपण किया जा सके। वन विभाग द्वारा 20 हजार घनमीटर मिट्टी खरीदी करने के लिए टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आने वाले दिनों में मिट्टी खरीदी करने के बाद इसे पौधों को तैयार करने की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी।

# कटघोरा बस स्टैंड में पानी की किल्लत, यात्री हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर का मुख्य बस स्टैंड इन दिनों गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है, जिनमें सबसे बड़ी समस्या पीने के पानी की है। अप्रैल की तपती गर्मी में जहां तापमान लगातार बढ़ रहा है, वहीं यात्रियों को शुद्ध पेयजल के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। बस स्टैंड में शुद्ध जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर की समाज सेवी संस्था लायन्स क्लब कटघोरा छुरी के द्वारा लगाई गई थी

**खास बात**

- जनप्रतिनिधि नहीं दे रहे ध्यान

जिसे असामाजिक तत्वों के द्वारा उसके कनेक्शन व नलो को तोड़कर 2 टंकियों में से 1 टंकी की चोरी कर ली गई है।

बस स्टैंड पर स्थित शारदा होटल ही इस समय यात्रियों के लिए एकमात्र विकल्प बना हुआ है, जहां पीने का पानी उपलब्ध है। दूर-दराज से आने वाले यात्रियों को इसी होटल में अपनी प्यास बुझानी पड़ती है। कई यात्रियों ने बताया कि गर्मी के कारण बस स्टैंड में कुछ समय रुकना भी मुश्किल हो रहा है, और पानी के लिए एकमात्र स्रोत पर निर्भर रहना काफी कष्टदायक है। कटघोरा बस स्टैंड से न केवल अंबिकापुर बल्कि झारखंड और उत्तरप्रदेश जैसे अन्य राज्यों के लिए भी बसें संचालित होती हैं। इस वजह से यहां यात्रियों की आवाजाही पूरे दिन बनी रहती है। बावजूद इसके बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करती है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों से लेकर नगर पालिका और प्रशासन तक, सभी इस समस्या पर मौन साधे हुए हैं। न तो वॉटर मशीन की मरम्मत कराई गई और न ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। यात्रियों और स्थानीय लोगों में इस बात को लेकर गहरा आक्रोश है कि सार्वजनिक स्थल पर इतनी बुनियादी सुविधा का अभाव क्यों है।



बस स्टैंड की टूटी हुई नल की टोंटी।



स्टैंड में बैठे यात्री।

# एलर्ट मोड पर करें मांग व शिकायतों से जुड़े आवेदनों का निराकरण : आशुतोष



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सुशासन तिहार के तहत विभिन्न शिकायतों व मांग से संबंधित आवेदनों के निराकरण की कार्यवाही एलर्ट मोड पर करें तथा समाधान शिविरों के आयोजन से पूर्व शत प्रतिशत आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित कराएं। शिकायतों से संबंधित प्रकरणों पर निराकरण की त्वरित कार्यवाही करें व मांग संबंधी आवेदनों के निराकरण हेतु आवश्यक कार्यप्रक्रिया एक सप्ताह के अंदर पूरी कराया जाना सुनिश्चित करें।

उक्त बातें आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कही। राज्य शासन के दिशा निर्देशों के तहत सुशासन तिहार के अंतर्गत नगर पालिक निगम द्वारा 8 अप्रैल से 11 अप्रैल के बीच सुशासन तिहार शिविरों का आयोजन सभी 7 जोन कार्यालयो में किया गया था तथा विभिन्न मांग व शिकायतों से संबंधित आवेदन पत्र नागरिकों से प्राप्त किए गए थे, इन प्राप्त आवेदनों के निराकरण की कार्यवाही निगम द्वारा की जा रही है। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने सभाकक्ष में निगम के जोन कमिश्नरों, प्रभारी अधिकारियों की बैठक लेकर सुशासन तिहार के अंतर्गत नागरिकों द्वारा विभिन्न मांग व शिकायतों के संबंध में प्रस्तुत किए गए आवेदन पत्रों पर की जा रही निराकरण की कार्यवाही की वर्तमान कार्यप्रगति की समीक्षा की। आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम के कोरबा, टी.पी.नगर, कोसाबाड़ी, पं.रविशंकर शुक्लनगर, बालको, दर्री व सर्वमंगला जोन में विषयवार प्राप्त आवेदनों की जोनवार व विषयवार समीक्षा की तथा निराकरण की वर्तमान कार्यप्रगति की जानकारी लेते हुए पेंशन, स्वच्छता, पेयजल, स्ट्रीट लाईट, शौचालय निर्माण, सड़क, नाली मरम्मत, प्रधानमंत्री आवास योजना, भवन निर्माण अनुज्ञा सहित निगम के अन्य कार्यो व सेवाओं से संबंधित मांग व शिकायतों के संबंध में प्राप्त आवेदनों पर एलर्ट मोड पर कार्यवाही करते हुए उनके गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित कराएं जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार 5 से 31 मई के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा, इन शिविरों के माध्यम से आवेदनकर्ताओं व नागरिकों को उनके द्वारा विभिन्न मांग व शिकायत के संबंध में प्रस्तुत किए गए आवेदनों के निराकरण की जानकारी उन्हें प्रदान की जाएगी।

# बैंक किसानों के लोन की किश्त पीएम आवास की राशि से नहीं काट पाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सहकारी बैंक हो या कोई अन्य शासकीय बैंक किसानों के द्वारा किसी भी प्रकार के लिए गए लोन की किश्त पीएम आवास की राशि से नहीं काट सकेंगे। पूर्व में काटी गई किश्त की राशि भी वसूली करने के निर्देश जनपद सीईओ को जारी किए गए हैं। इस संबंध में बैंकों को भी निर्देश जारी किया गया है।

**खास बातें**

- पूर्व में हुई लोन की वसूली पर कलेक्टर ने सीईओ को दिए कार्रवाई के निर्देश
- बैंकों को जारी किया गया प्रशासनिक आदेश

प्रधानमंत्री आवास निर्माण को लेकर लगातार जारी किए गए दिशा निर्देश और अफसरों के दौरे के दौरान यह बात खुलकर सामने आई है कि हितग्राहियों के खाते में जारी की गई पीएम आवास की राशि से हितग्राहियों के द्वारा लिए गए लोन की किश्त की वसूली बैंकों के द्वारा की जा रही है। ऐसी स्थिति में खाते में पैसा आने के बाद भी हितग्राही आवास का निर्माण नहीं कर पा रहे थे। ऐसी जानकारी जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा और जनपद पंचायत पाली के दौरे के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों को जानकारी मिली। उक्त मामला सामने आने के बाद कलेक्टर ने सभी जनपद सीईओ को इस आशय के आदेश जारी कर दिए गए हैं कि अगर कोई हितग्राही के पीएम आवास की राशि से किसी भी प्रकार के ऋण की किश्त काटी गई है तो उसे बैंक हितग्राही के खाते में वापस करें और यह कार्य जनपद सीईओ अपनी देखरेख में करवाएं। वहीं दूसरी ओर सभी बैंकों को इस आशय के आदेश जारी किए गए हैं कि अगर किसी हितग्राही के द्वारा किसी भी प्रकार का बैंक से लोन लिया गया है और उसके खाते में पीएम आवास की राशि आती है तो लोन की वसूली उस राशि से न किया जाए।




फाइल फोटो

### सहकारी बैंक, ग्रामीण बैंक में खाते

अधिकतर किसानों के खाते जिला सहकारी बैंक और ग्रामीण बैंक में है। इनके अलावा कुछ निजी बैंकों में भी ग्रामीणों ने खाते खुलवाए हैं। जिनके खाते में पीएम आवास की राशि आ रही है। सहकारी बैंकों के द्वारा तो धान के समर्थन मूल्य से केसीसी लोन राशि की वसूली कर ली जाती है किंतु ग्रामीण बैंक और अन्य बैंक जहां धान की भुगतान की राशि नहीं आती वहां अगर ग्रामीणों के खाते हैं और उस खाते में पीएम आवास की राशि आ रही है तो बैंकों के द्वारा वसूली कर ली जा रही है। इससे ग्रामीण पीएम आवास का काम शुरु नहीं कर पा रहे हैं।

### 40 हजार आवास का लक्ष्य

जिले के ग्रामीण अंचल में 40 हजार पीएम आवास बनाए जाने का लक्ष्य है इनमें पुराने आवास भी शामिल है जो तीन वर्ष पूर्व कांग्रेस शासन में स्वीकृत किए गए थे। उन आवासों की संख्या को मिलाकर 40 हजार आवास का लक्ष्य आया है। इसके लिए जिला प्रशासन पूरी तैयारी से जुट गया है। सर्वाधिक आवासों की संख्या पोड़ी और पाली विकासखंड में बनाए जाएंगे। इनके लिए सर्वे का काम भी शुरु हुआ है जिसमें हितग्राहियों के बैंक खातों की भी जानकारी एकत्र की जा रही है ताकि पीएम आवास की राशि से बैंक किसी भी तरह के लोन की वसूली न कर सके।

# पार्थ खेलो इंडिया यूथ गेम्स में बिहार के गया में दिखाएंगे जौहर


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



पार्थ श्रीवास्तव का चयन खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के लिए चयन हुआ है। यह प्रतियोगिता 5 से 9 मई तक बिहार के गया शहर में आयोजित होगी। इसमें पार्थ श्रीवास्तव छत्तीसगढ़ की ओर से तैराकी में प्रतिनिधित्व करेंगे। छत्तीसगढ़ से सिर्फ दो तैराकों का चयन खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के लिए हुआ है कोरबा जिले से एक मात्र तैराक पार्थ श्रीवास्तव का चयन उनके राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स में चयन राष्ट्रीय स्तर के प्रदर्शन के आधार पर राष्ट्रीय स्तर से किया जाता है राज्य स्तर पर नाम राष्ट्रीय स्तर से आता है जिसमें खिलाड़ियों को उनके चयन होने की जानकारी राज्य स्तर से प्राप्त होती है। कोरबा जिले से एक मात्र चयनित तैराक पार्थ श्रीवास्तव की इस उपलब्धि पर जिले के स्विमिंग एसोसियेशन के सचिव अशोक सक्सेना ने बताया कि पार्थ श्रीवास्तव की शुरुआती प्रशिक्षण कोरबा में स्थित निगम के तरण ताल में हुआ, जहां उन्होंने बुनियादी तैराकी की तकनीकों को सीखा और नियमित अभ्यास किया। पार्थ श्रीवास्तव के शुरुआती कोच जगदीश बनिक (स्वर्गीय) ने उन्हें तैराकी के सभी गुरों से परिचित कराया। पार्थ श्रीवास्तव वर्तमान में नई दिल्ली में भारत सरकार द्वारा संचालित साईं एकेडमी के तरण ताल ताल कटोरा में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है, पार्थ श्रीवास्तव ने 67वां राष्ट्रीय स्कूल गेम्स ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) 2024 नई दिल्ली में अपने इवेंट्स में दो कांस्य पदक और सीबीएसई 2025 की राष्ट्रीय प्रतियोगिता जो कि उड़ीसा के भुवनेश्वर में आयोजित हुई थी उसमें अपने इवेंट्स में एक रजत पदक और दो कांस्य पदक प्राप्त कर जिले और राज्य को गौरव वांवित किया था।

### बाइक की चोरी, जुर्म दर्ज

**कोरबा।** बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम आमहवा निवासी देवप्रसाद आयाम 30 वर्ष पिता गुलाब सिंह पोर्ते ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह ग्राम जटगा में देवप्रसाद अपने मामा के बेटे सिरिशपाल मरकाम की शादी में शामिल होने के लिए अपने घर से ग्राम जटगा आया था। शाम 4 बजे देवप्रसाद तथा प्रताप सिंह पोया के साथ रामेश्वर पोर्ते के मुर्गी दुकान मुर्गी लेने के लिए मोटर सायकल एसएफ डिलक्स कमांक सीजी 12 बी क्यू 3258 गया था तथा उसके दुकान के पास बाइक को खड़ी किया था तथा चाबी को गाड़ी में छोड़ दिया था तथा जब देवप्रसाद मुर्गी लेने में व्यस्त था तभी एक अज्ञात व्यक्ति देवप्रसाद के मोटर सायकल को चोरी कर फरार हो गया।




# 8 आरोपियों से 130 लीटर महुआ शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



सुशासन तिहार के अंतर्गत जनता से जिले में पुलिस को अवैध शराब की बिक्री संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई थीं। इन शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश में जिले भर अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान जारी है। इसी क्रम में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 8 आरोपियों के कब्जे से कुल 130 लीटर अवैध शराब जप्त किया है। पकड़े गए आरोपियों में थाना- बालको से गोविंद भट्ट के कब्जे से 7.9 लीटर देसी मदिरा, सावन दास उर्फ पाण्डो के कब्जे से 15 लीटर कच्ची महुआ शराब, राजकुमार यादव उर्फ गुड्डा के कब्जे से 30 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त किया गया है। इसी तरह उरगा पुलिस शंकर लकड़ा के कब्जे से 30 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त किया है। हरदीबाजार पुलिस ने बल्लू कुर्रे के कब्जे से 45 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त किया। वहीं दर्री पुलिस ने सतीश कुमार के कब्जे से 48 पाव देसी मदिरा प्लेन शराब एवं बांकीमोंगरा पुलिस ने लगती बाई बिजवाड़ के कब्जे से 2.75 लीटर कच्ची महुआ शराब तथा कुसमुण्डा पुलिस ने दिलीप कुमार के कब्जे से 2.5 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

